VIVEKANANDA VIDYA MANDIR

(A C.B.S.E. Affiliated New Generation English Medium Co-Ed School)

From KG to Class XII
Run By:
SRI RAMAKRISHNA SEVA SANGHA

RANCHI
ESTD. 1970

Ref :............................ *Date :*............................

VVM/2017-4781 17th February 2017

प्रेस विज्ञप्ति

12वीं कक्षा के विदाई समारोह का प्रथम चरण धर्म और अध्यात्म को समर्पित था तो अगला चरण छात्रों के उत्साह और सांस्कृतिक और कलात्मक गतिविधियों को। विद्यालय की दैनिक प्रार्थना के बाद बच्चों ने अतिथियों को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत कया।
विद्यालय के हेड गर्ल ने कार्यक्रम में स्वागत भाषण किया। वरीय शिक्षक श्री एस.पी.सिंह (भौतिकी) ने परीक्षा हेतु कुछ टिप्स छात्रों को दिये। फिर शुरू हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला। छठी कक्षा की छात्राएँ फैन डांस प्रस्तुत किया। झारखण्डी लोक नृत्य झूमर ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

प्राचार्य श्री ब्रह्मानन्द द्विवेदी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के बीच आपसी संबंध मजबूत बनाते हैं। सचिव श्री अभय कुमार मिश्रा, विद्यालय प्रबंध समीति ने छात्रों को हिदायत दी कि आप बड़े हो गये हैं। विद्यालय का परिवेश संरक्षित है किन्तु बाहर आप को यह संरक्षा नहीं मिलेगी। इसलिए आपको अच्छे–बुरे की पहचान करनी होगी। उन्होंने इस अवसर पर **'होली लाइफ ऑफ मदर'** नामक किताब देने की घोषणा की।

छात्रों द्वारा प्रस्तुत लगभग सभी गाने उत्साह और मस्ती के साथ–साथ आने वाले दिनों के लिए बेफिक्री से सम्बन्धित थे। छात्रों ने इस अवसर पर 'गिल्लू' नामक हास्य नाटिका प्रस्तुत किया। सृष्टि ने योग–कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको विस्मित कर दिया। पूर्व हेड गर्ल अंजलि प्रिया झा ने अपने अनुभव बाँटे। प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री काशीनाथ मुखर्जी ने छात्रों के बेहतर भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दीं। 11वीं के छात्र रिशु राज ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

(ब्रह्मानन्द द्विवेदी)
प्राचार्य

Principal
Vivekananda Vidya Mandir
Sector- II, Dhurwa, Ranchi
(CBSE Affiliation No- 3430006)

SECTOR II, JAGARNATH NAGAR, DHURWA, RANCHI – 834 004
Tel : (0651)2440954, 2441422 Fax: 2441422
Email : vvm.ranchi@gmail.com, vivekananda_mandir@yahoo.co.in